हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 जुलाई 2024


04 कर्मचारी की लापरवाही के चलते मुक्तिधाम...



07 मोहर्रम पर निकाले गए आकर्षक ताजिए...





## खबर संक्षेप में




### कृषि उपज मंडी में दो दिन नीलामी कार्य रहेगा बंद

**नलखेड़ा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में शनिवार व रविवार दो दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा। उक्त जानकारी देते हुवे कृषि उपज मंडी सचिव ने बताया कि शनिवार को साप्ताहिक अवकाश एवं रविवार को गुरु पूर्णिमा होने से मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होंने किसानों से अपनी उपज उक्त दोनों दिन कृषि उपज मंडी में नही लाने की अपील की है।

### मेंटेनेंस : आज दो घंटे विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

**नलखेड़ा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्थानीय विद्युत ग्रीड एवं विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस के चलते आज नलखेड़ा ग्रीड से निकलने वाले सभी फीडर पर दो घंटे विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। जानकारी देते हुए विद्युत वितरण कंपनी के एई ने बताया कि ग्रीड एवं विद्युतलाइनों का मेंटेनेंस करने के चलते शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक नलखेड़ा ग्रीड से निकलने वाले सभी फीडर का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

### 20 ट्रेनों में जनरल स्लीपर कोच बढ़ाए

**सीहोर।** रतलाम मंडल रेलवे ने क्षेत्र में चलने वाली सवारी गाड़ियों में अब सामान्य यात्रियों की भी सुध ली है। अब तक स्लीपर कोच कम करके जहां एसी कोच बढ़ाए जा रहे थे, वहीं अब रेलवे ने मंडल की 20 से ज्यादा ट्रेनों में जनरल के दो अतिरिक्त कोच लगाए हैं। यहीं नहीं कुछ ट्रेनों में स्लीपर कोच भी बढ़ाए जाएंगे। इंदौर-नागपुर, इंदौर हावड़ा सहित 20 ट्रेनों में 2 जनरल कोच लगाए जाएंगे। वहीं इंदौर-जबलपुर सहित अन्य ट्रेनों में नवंबर महीने से 2 से 3 स्लीपर कोच भी बढ़ाए हैं।

### धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा पर्व, एक दिवसीय मेले का आयोजन होगा

# बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर उमड़ेगी आस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के प्राचीन पाण्डवकालीन चमत्कारिक श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर रविवार को गुरू पुर्णिमा उत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेला लगेगा। इसमें नगर सहित अंचलो से हजारो की सख्या में भक्त श्रद्धा के साथ भाग लेकर अंजनीपुत्र के दर्शन कर महाआरती में भाग लेगे। पूर्णिमा पर्व को लेकर हनुमान प्रतिमा को चोला चढ़ाकर विशेष रूप से श्रृंगारित कर मंदिर व परिसर को आकर्षक रोशनी से जगमगाया गया है। नगर से पूर्व दिशा की ओर 2 किमी दूर ऊँची पहाड़ी पर स्थित श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर है। जहां आषाढ़ सुदी पूर्णिमा के दिन एक दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन होगा। इस चमत्कारी स्थल पर जिस उंची पहाडी पर मंदिर स्थित है। गुरू पुर्णिमा के दिन इस पहाड़ी पर पत्थरों के नीचे बिच्छु निकलते है जो किसी को भी नही काटते है। इस देवस्थान पर हिन्दुओं के साथ-साथ मुसलमान भी पूरी श्रद्धा रखते है। मंदिर परिसर में अभक्ष्य पदार्थ आदि लेकर प्रवेश वर्जित है।

### राजा नल द्वारा स्थापित है प्रतिमा

बल्ड़ावदा गॉव के नाम से विख्यात मंदिर में द्वापरकालीन विशालकाय मूर्ति प्रतिष्ठित है। प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ताआ जिसमें विष्णु श्रीधर वाकणकर, उज्जैन के अनुसार उस काल में हनुमान जी की प्रतिमाएं इसी आकार व स्वरूप में प्रतिष्ठित की जाती थी। इस मंदिर को लेकर यह भी प्रमाण मिलता है कि जब राजा नल विपत्तियों में थे तो भगवान श्री कृष्ण ने अवन्तिका नगरी से 40 कोस दूर पूर्व दिशा की और लक्ष्मणा नदी के किनारे स्थित मॉ बगलामुखी की आराधना करने का परामर्श दिया था। तब राजा ने अपना मुख्य स्थान श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर एवं मॉ बगलामुखी मंदिर के मध्य रखा था। राजा नल तब प्रतिदिन दोनों स्थानों पर साधना करते थे।

### पर्यटन विभाग ने करवाया कायाकल्प

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नलखेड़ा को धार्मिक पर्यटन नगरी घोषित किए जाने के बाद इस स्थान का भी कायाकल्प होकर यहां लाखों रूपये के विकास कार्य करवाए गये हैं। वर्तमान में इस मंदिर की व्यवस्था व देखरेख का कार्य यहां विराजित महामण्डलेश्वर श्री 1008 सन्त रामचन्द्रदास जी महाराज के द्वारा की जा रही है। शासन द्वारा यहा पर मांगलिक भवन भी भक्तों के लिये बनाया गया है।

### पहाड़ी के नीचे है खोखलापन

श्री बल्ड़ावदा मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है, उसके बारे में किंवदंती है कि किसी समय प्राकृतिक उथल-पुथल से उक्त खेड़ा (गांव) भूमिलीन हो गया था। नगर के बडे-बुजुर्गों के अनुसार सेकडों वर्ष पूर्व नलखेडा नगर इसी स्थान पर बसा हुआ था। उस समय आयी धूलकोट (भूकम्प) आया था, जिसमें सम्पूर्ण नगर दब गया था। यह मंदिर किसी उंचे स्थान पर स्थित था। इस लिये मंदिर का उपरी हिस्सा शेष रह गया होगा। जहां आज भी पहाड़ी पर कई स्थानों पर छोटा सा पत्थर फेंकने पर भयंकर गूंजती ध्वनि निकलती है, जो सिद्ध करती है कि पहाड़ी के नीचे खोखलापन है। मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान यहां से प्रचीन मुद्राएं भी निकली थी, जो आज भी जिला कोषालय में जमा है। पहाड़ी के नीचे अपार भंडार भी बताया जाता है। प्रचलित किंदवंतीयो को ध्यान में रखते हुए कुछ लोगों द्वारा इस स्थान पर खुदाई कर धन निकालने का प्रयास भी किया गया। लेकिन कोई भी यहां पर से धन निकालने के मकसद में सफल नहीं हो पाये। यहां तक कि खुदाई कार्य भी नहीं कर पाए। बताया जाता है कि कुछ लोगों की तो खुदाई के दौरान ही अचानक मौत हो गई। इसके बाद किसी के भी द्वारा यहां पर खुदाई का प्रयास नहीं किया गया। नगर में ऐसे कई बुजुर्ग मौजूद हैं जिनके अनुसार मंदिर से दीपावली की रात्रि में ज्योत निकलती थी, जो मां बगलामुखी मंदिर एवं नदी में स्थित मां पूतलादेवी के स्थान की परिक्रमा लगाकर वापस मंदिर तक आती थी।

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर तारकेश्वर महादेव मंदिर पर होगा आयोजन




ग्राम ताखला में त्रिवेणी संगम तट पर मौजूद श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर में पंडित ताराचंदजी शास्त्री गुरुजी की निश्रा में गुरु पूर्णिमा का धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में 21 जुलाई को प्रातः हवन- शांति के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जाएगा तथा प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक गुरुपूजन व प्रसादी का कार्यक्रम होगा। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहेंगे। ताखला के इस महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है जिसमें हजारों की संख्या में नलखेड़ा, सुसनेर, सोयत, मोड़ी आदि क्षेत्र से भक्तों द्वारा भाग लेकर यहां पर स्थित त्रिवेणी संगम (जहां पर तीन नदियों का होता है मिलन ) तट पर स्नान कर पुण्य लाभ लिया जा कर मेले का लुफ्त भी उठाते हुए खरीदारी की जाती है। इसी प्रकार नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर , खेड़ापति हनुमान मंदिर, बगलामुखी मन्दिर, गुदरावन बावड़ी हनुमान मंदिर पर गुरुपूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशेष पूजा अर्चना व महाआरती के आयोजन होंगे।

### सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरु पूजन और भंडारे का आयोजन होगा




गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा भाग लेकर गुरु पूजन किया जाएगा।

### टिकोन धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा



तहसील के ग्राम टिकोन में स्थित प्रसिद्ध रामदेव धाम दरबार में गुरु पूर्णिमा पर्व पर बाबारी भक्तों द्वारा रामदेव धाम के सेवक गुरुजी शिवनारायण जी पाटीदार से सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना करते हुए उनकी चरण वंदना कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। ज्ञात रहे कि टिकोन में स्थित रामदेव धाम पर आने वाले भक्तों की हर मनोकामनाएं बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है, वही भक्तों के दुःख , संकट का निवारण भी बाबा के द्वारा किया जाता है। इस स्थान पर प्रदेश सहित देश के अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में बाबारी भक्त अपनी मनोकामना तथा दुःख संकट के निवारण के लिए पहुंचते हैं।

### पूर्णिमा पर्व पर नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम पर होंगे आयोजन



पूर्णिमा पर ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर भगवान पार्श्वनाथजी का पूजन, अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर से 9 किलोमीटर दूर आमला नलखेड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री जालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर 21 जुलाई पूर्णिमा के दिन भगवान पार्श्वनाथ जी का पूजन, अभिषेक का कार्यक्रम होगा। प्रातकाल मंदिरजी में परमात्मा का अभिषेक तथा पूजन, आरती होगी। दोपहर 2. 30 बजे मंदिर जी में श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन, तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य लाभार्थी स्वर्गीय भंवरलाल जी फाफरिया की पुण्य स्मृति में पारसमल, विशालकुमार, मोहितकुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखा गया है। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जावेगी। इस अवसर पर तीर्थ व्यवस्थापक समिति द्वारा लाभार्थी परिवार का बहूमान किया जाएगा।

## जिला पंचायत में ई-एमबी पर कार्यशाला हुई






हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

जिला पंचायत सभागार में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ई-एमबी (इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बुक) का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरन प्रीत कौर के निर्देशानुसार किया गया। शासन से प्राप्त नवीन निर्देशानुसार योजना में और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से 15 जुलाई से महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यो का मूल्यांकन ई-एसबी (इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बुक) के माध्यम से अनिवार्य किया गया है, जिसके पश्चात ही सामग्री देयको का भुगतान मनरेगा पोर्टल से किया जा सकेगा। ई-एमबी प्रशिक्षण मय कार्यशाला में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग आगर यादव द्वारा जिले में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के समस्त उपयंत्री एवं सहायक यंत्रियो को ई-एमबी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर तकनीकी अमले से फील्ड अनुभव साझा करवाया गया। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उपायुक्त विकास जितेन्द्र सिंह सेंगर, परियोजना अधिकारी मनीष सिंह तंवर एवं जिले के समस्त उपयंत्री एवं सहायक यंत्री उपस्थित रहे।



### 43 लाख की लागत से बनने वाले गार्डन का किया भूमिपूजन

**आगर मालवा।** शहर के वार्ड 17 में कंपनी गार्डन के पास अमृत 2.0 के अंतर्गत गार्डन का भूमिपूजन किया गया। इस गार्डन की लागत 43 लाख है। भूमि पूजन के अवसर पर विधायक मधु गहलोत व पार्टी के सभी वरिष्ठ जन व परिषद के सभी पार्षद गण नगरपालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## बूथ कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा के शक्ति केंद्र भंडावद एवं गोयल के शक्ति केंद्र सम्मेलन एवं मतदान केंद्र कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह सम्पन्न हुआ। गुरुवार को ग्राम भंडावद में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया एवं पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता थे।

समारोह में शक्ति केंद्र प्रभारी रोहित सकलेचा,मंडल मंत्री देवकरण गुर्जर, शक्ति केंद्र संयोजक महेश सरपंच, बल्लभसिंह राजपूत, हरिसिंह राजपूत, विष्णु पाटीदार, पीरूसिंह, जगदीशसिंह राजपूत, देवकरण बडेरा, राहुल सूर्यवंशी, अर्जुन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। समारोह के पश्च्यात कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।



### ब्लॉक स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम में अतिथियों ने पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला

# ग्राम पंचायत मैना में एक दिन में 21 सौ पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी द्वारा प्रवर्तित एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सुसनेर क्षैत्रान्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मैना में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुसनेर एवं सरपंच ग्राम पंचायत मैना के विशेष प्रयासों से ब्लॉक स्तरीय पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित कर एक दिन में 21 सौ पौधों का रोपण किया गया।








कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया, जिसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक भेरूसिंह परिहार बापू , जिलाध्यक्ष चितामण राठौर, जनप्रतिनिधि मोहनसिंह गुन्दलावदा, राजपालसिंह कलारिया, बाबुलाल यादव आदि तथा प्रशासनिक अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसीमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुसनेर मिलिन्द ढोके, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मनीष सिंह तंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजेश शाक्य, तहसीलदार सुसनेर विजय सैनानी, समस्त जनपद सदस्य ,जनपद पंचायत सुसनेर, सरपंच ग्राम पंचायत समस्त सचिव एवं सहायक सचिव , पंचायत ग्रामीण विभाग व अन्य विभागों के सभी अधिकारी,कर्मचारी एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर पौधें लगाए गए। विधायक परिहार, जिपं सीईओ श्रीमती कौर सहित अतिथियों द्वारा पौधारोपण से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। पौधारोपण करने एवं पौधो के संरक्षण के बारे में ग्रामीणों एवं सभा में उपस्थित सदस्यों को जागरूक किया गया। जिलाध्यक्ष राठौर द्वारा जगदीशचंद्र बसु की कहानी के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए वृक्षो से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। साथ ही प्रकृति में होने वाले बदलाव को रोकने में वृक्षो की भूमिका एवं पर्यावरण के संरक्षण में पौधो की भूमिका के बारे में बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभीजनों द्वारा वृहद तौर पर पौधारोपण कार्य किया गया। पौधरोपण उपरांत वायु दूत अंकुर एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन कर फोटो अपलोड की कार्रवाई की गई।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ हुआ



**आगर मालवा।** शहर की ब्राह्मण गली भाटपुरा मे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। यह आयोजन 19 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई को मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर सम्पन्न होगा। प्रथम दिवस पर प्रात,9 बजे कमल कुण्डी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्ग से होते हुए मुरली मनोहर मन्दिर ब्राह्मण गली पहुची, कलश यात्रा मे बड़ी संख्या मे नगर की महिलाए व पुरुष सम्मिलित हुए' तीन दिवसीय अनुष्ठान पश्चात 21 जुलाई को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा पंडित शंकर स्वरूप व्यास द्वारा विधि विधान से करवाई जाएगी।



खबर संक्षेप

## वार्ड में अन्नप्राशन, चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी



**देवास।** देवास दक्षिण परियोजना अंतर्गत वार्ड 37 बड़ा बाजार में जिला महिला बाल विकास अधिकारी रेलम बघेल के मार्गदर्शन में चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत वार्ड के बच्चों को जन्म प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोषण आहार टोकरी वितरित की गई। कार्यक्रम अंतर्गत 10 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। 6 माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्य की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जन सहयोग से चना ,गुड़ ,परमल , मूंगफली, केला, रखकर टोकरी भेंट की गई। साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी समीक्षा जैन ने चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी के संबंध में जानकारी दी। आयोजन में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद खुशबू वर्मा, निलेश वर्मा, समाज सेवक अब्दुल मजीद खा, गब्बर खान, प्रधान अध्यापक पं. हेमंत कानूनगो , पर्यवेक्षक कविता ठाकुर, प्रेरणा महासागे , नीता श्रीवास्तव, उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौरसिया द्वारा किया गया। आभार सविता गुप्ता ने माना।

### छात्रावास में अनियमितता को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

# जनजाति बालक छात्रावास के अधीक्षक पर लगाया रुपए मांगने का आरोप

छात्रावास में कर्मचारी द्वारा बच्चों को भोजन समय पर नहीं दिया जाता है,साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता है। छात्रावास में चपरासी द्वारा बच्चों के साथ गाली-गलौज की जाती है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

बागली मुख्यालय पर मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर छात्रावास संचालित कर रही है ओर इन ही संचालित छात्रावासों में पुर्व में लाखों रूपयों का भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिसके बावजूद भी छात्रवासो कि स्थिति सुधर नहीं रही है।

बागली में संचालित सीनियर जनजाति बालक छात्रावास का मामला सामने आया है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सीनियर जनजाति बालक छात्रावास बागली में छात्रों के साथ होने वाली अनियमियता के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी बागली को जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग देवास के नाम का ज्ञापन सौपा गया। जिसमें बताया गया है कि छात्रावास में कर्मचारी द्वारा बच्चों को भोजन समय पर नहीं दिया जाता है,साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता है। छात्रावास में चपरासी द्वारा बच्चों के साथ गाली-गलोच की जाती है। साथ ही कई अनियमितता भी यहां पर हो रही है।

विद्यार्थी परिषद के अभिषेक जायसवाल ने बताया कि छात्रावास के अधीक्षक चपरासी का सपोर्ट कर रहे थे। ज्ञापन में बताया गया है कि छात्रावास में अधीक्षक द्वारा एडमिशन के नाम पर रिश्वत ली जाती है। अधीक्षक देवनारायण मालवीय डबलचोकी से अप-डाउन करते हैं। मालवीय सप्ताह में 2 -3 दिन ही आते हैं। चपरासी ही छात्रावास संभालता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ज्ञापन के माध्यम से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त छात्रावास में नवीन 14 बच्चों का चयन हुआ है, लेकिन 19 जुलाई तक बच्चों को छात्रावास नहीं बुलाया गया था। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक प्रणय पांचाल, जिला एसएफडी प्रमुख अभिषेक जायसवाल ओर सुजीत नरवले, नकुल गुप्ता अंकित मंडलोई, लक्कीराज जोधा, रवि गुर्जर, प्रवीण यादव और छात्रावास के सभी छात्र मौजुद थे। मुख्यालय पर स्थित होने के बावजूद भी अधीक्षक में वरिष्ठ अधिकारियों का डर नहीं है। अधीक्षक अपनी संस्था पर नियम अनुसार उपस्थित नहीं रहते हैं।

**करेंगे उचित कार्रवाई**

आपके माध्यम से जानकारी मिली है, इस मामले को में दिखवाता हूं, यदि शिकायत सही पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

**आंनद मालवीया,** एसडीएम बागली

**लगे आरोप निराधार हैं**

छात्रावास का नियम अनुसार संचालन किया जा रहा है, जो आरोप लगाया जा रहा है वह निराधार है, प्लानिंग के तहत यह सब कुछ हुआ है।

**देवनारायण मालवीय,** अधीक्षक बालक छात्रावास बागली

# कर्मचारी की लापरवाही के चलते मुक्तिधाम में हंगामा

### अस्थि संचय को लेकर बनी असमंजस की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के मुख्य मुक्तिधाम में उस समय हंगामा मच गया जब मृतक के परिजन अस्थी लेने के लिए शहर के मुक्तिधाम पहुंचे। दरअसल मुक्तिधाम में शुक्रवार को अस्थियों को लेकर असमंजस की स्थिति बनती रही। यहां पर दो पक्ष पहुंचे दोनों पक्ष एक ही प्लेटफार्म की अस्थियों को अपनी बता रहे थे। यह पूरा घटनाक्रम नगर निगम कर्मचारी द्वारा मृतकों की काटी गई रसीद के कारण हुआ।

जानकारी के अनुसार बुधवार को एक महिला और एक पुरुष का अंतिम संस्कार किया गया था जिसको लेकर नगर निगम के कर्मचारियों के गलती के चलते असमंजस की स्थिति बन गई और दोनों ही पक्ष प्लेटफार्म नंबर तीन पर अंतिम संस्कार होना बता रहे थे। जिसमें से महिला पक्ष के लोग गुरुवार को ही अस्थियां लेकर चले गए। पुरुष पक्ष के लोग शुक्रवार को अस्थियां लेने पहुंचे तो अस्थियां नहीं थी इसके चलते उन्होंने वहां पर नगर निगम कर्मचारियों को बुलवाया और दूसरा पक्ष भी वापस पहुंचा। दोनों पक्ष अस्थियों को लेकर हंगामा करने लगे। नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि 3 नंबर शेड पर दो लोगों की अस्थियों को बताने बात सामने आई है। जबकि दो नंबर शेड खाली पड़ा हुआ है।

जिसकी इंट्री रसीद कट्टे में स्पष्ट नहीं है। इसकी हम जांच कर रहे हैं। इसमें गोर्वधन मालवीय कर्मचारी है उसकी लापरवाही सामने आई है, जो परिवार अस्थियां ले गए थे उनसे बात हुई है अस्थियों के कुछ अवशेष उन्होंने रखे है वह परिवार को लौटा दिए जाएंगे। मदनलाल वर्मा की अस्थियां मुक्तिधाम में नहीं मिली थी। लापरवाही के चलते निगम प्रशासन ने तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।

## मल्हार धूनी संस्थान पर होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मल्हार रोड स्थित धुनी संस्थान पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मल्हार धुनी संस्थान ट्रस्ट प्रबंधक दिलीप शर्मा ने बताया कि 21 जुलाई रविवार को सद्गुरू योगेंद्र शीलनाथ मल्हार धुनी संस्थान देवास पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव विविध आयोजनों के साथ धूमधाम से गुरु भक्तों द्वारा मनाया जाएगा। महोत्सव अंतर्गत प्रातः: 6 बजे गुरू महाराज की प्रतिमा का अभिषेक कर पूजन की जाएगी। प्रात 9.30 बजे महाआरती होगी। तत्पश्चात 10.30 बजे काकड़ आरती सम्पन्न होगी। आरती के पश्चात 11 से निर्गुणी भजन मंडली द्वारा गुरु महाराज के भजन-कीर्तन किए जायेंगे। श्री शीलनाथ धुनी संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत भल्ला, ट्रस्टीगण भगवान सिंह चावड़ा, राजेंद्र महंत, महेंद्र सिंह पडियार, व्यवस्थापक सुरेश गोखले, पुजारी पं. गिरीश उपाध्याय ने नगर के समस्त गुरु भक्तों आग्रह किया है कि पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में धुनी संस्थान पर होने वाले आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## अभियान को जन अभियान बनाएं

**देवास ।** सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने विगत दिवस सिंगावदा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विधायक मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष जगदीश चौधरी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। इसी प्रकार हाटपिपल्या प्रवास के दौरान विधायक श्री चौधरी के साथ बरोठा थाना परिसर व नेवरी स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। सांसद श्री सोलंकी ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पौधा मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से आव्हान किया।

## एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में मेरी शाला- संपूर्ण शाला अंतर्गत सनफार्मा ने दिए 30 सेट फर्नीचर



**देवास।** जिले के प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों में जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के उद्देश्य से मेरा स्कूल- स्मार्ट स्कूल के साथ ही मेरी शाला- संपूर्ण शाला अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निरंतर रूप से जिले भर में जन सहयोग से शालाओं में सुविधाएं जुटाई जा रही है । इसी क्रम में सन फार्मा इंडस्ट्री देवास के सीएसआर कार्यक्रम द्वारा प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय लोहारी में बच्चों को बैठने के लिए 30 सेट फर्नीचर प्रदान किए गए। फर्नीचर का लोकार्पण फीता काटकर देवास ग्रामीण तहसीलदार रवि शर्मा एवं सनफार्मा इंडस्ट्री के सीएसआर एक्जीक्यूटिव शेख निसार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी डॉ राजेंद्र सक्सेना, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक किशोर वर्मा, जनशिक्षक आतिश कनसिया , नरेन्द्र नरवरिया एवं ग्राम पंचायत सरपंच फारूक शेख आदि उपस्थित रहे। फर्नीचर लोकार्पण उपरांत अतिथियों द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम का संचालन संस्था के शिक्षक किशोर कुमार गेहलोत एवं आभार संस्था प्रभारी कृष्णा शर्मा ने माना। इस अवसर पर शिक्षक आनंद शर्मा, फेमिदा अंसारी, सुशीला चौहान,आशा बामनिया, मोनिका पटेल आदि उपस्थित रहे।

# खेल में चयनित किए छात्र छात्राओं का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

स्कूल गेम्स ऑफ इंडिया वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024, 25 वे स्कूल गेम्स ब्लॉक स्तर ट्रायल हाटपिपलिया में आयोजित की गई थी। जिसमें ब्लॉक स्तर के 8 स्कूलों द्वारा भाग लिया गया था, जिसमें हिमालय स्कूल नेवरी के बालक बालिकाओं का खो-खो और कबड्डी में दबदबा रहा।

सभी चयनित खिलाड़ियों ने देवास जिले के लिए क्वालीफाई किया। सभी खिलाड़ियों का चयन होने पर स्कूल के डायरेक्टर, प्रिंसिपल मैडम वाइस प्रिंसिपल और समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा विद्यालय के कोच कुलदीप यादव एवं सभी चयनित बालक बालिकाओं का स्कूल में पुष्पमाला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश स्तर पर देवास निगम का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक महत्वपूर्ण महत्वकांक्षी योजना के अन्तर्गत नगर निगम देवास के द्वारा योजना प्रारंभ काल से अभी तक कुल 20 हजार 359 हितग्राहियो को 10 हजार, 20 हजार एवम 50 हजार के ऋण की राशि 29.74 करोड का ऋण बैंको के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राहियो को वितरीत किये। जिससे लाभान्वित हितग्राहियो द्वारा प्राप्त ऋण राशि से अपना स्वंय का रोजगार चलाकर कुशलता से जीवन यापन कर रहे है।

देवास नगर निगम द्वारा कुशलता पूर्वक कार्य कर उक्त योजना का लाभ हितग्राहियो को दिया। राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना से प्रदेश स्तर मे हितग्राहियो को लाभ देने वाले प्रदेशो मे म.प्र. भी अव्वल रहा। प्रदेश स्तर पर 1 लाख से 10 लाख की आबादी वाली निगमो मे देवास नगर निगम को मैजर सीटी केटेगरी मे उत्कृष्ठ कार्य के लिये चयनित किया है। प्रदेश स्तर मे देवास नगर निगम को उक्त योजनान्तर्गत उत्कृष्ठ कार्य के लिए चयनित होने पर महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ समिती अध्यक्ष शीतल गेहलोत ने आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन मे उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया की सराहनीय कार्य प्रणाली एवं निगम शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं देवास निगम सीमा क्षेत्र के सभी बैंक पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। महापौर ने बधाई देते हुए कहा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में देवास नगर निगम हमेशा उत्कृष्ठ कार्य करते हुए अव्वल रहेगा। सभापति ने विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्य की सराहना की। आयुक्त ने विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्य हेतु बधाई देते हुए कार्यो की सराहना की। समिती अध्यक्ष गेहलोत ने बताया कि डे एनयूएलएम के तहत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत अपने स्वरोजगार के लिए पात्र हितग्राही 10 हजार, 20 हजार व 50 हजार के ऋण नगर निगम मे आवेदन कर ले सकते है तथा अपना स्वरोजगार चलाकर कुशल जीवन यापन करें। उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश स्तर पर चयन होने पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया का स्वागत किया।

# गोबर से बने उत्पादों की प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोग, प्रशिक्षण का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिडबी द्वारा वित्तपोषित एवं संस्था दशमेश सोशल एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा क्रियान्वित प्रशिक्षण के समापन के उपलक्ष्य में सभी प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र वितरीत कर एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख सन्मीत सिंह खनूजा ने बताया की जो प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं का व्यवसाय करना चाहती है, उन्हें उद्यमिता के लिए अवसर प्रदान हुआ। प्रदर्शनी मे नगर के कई आमजन आए और गोबर से बने उत्पादों को देखा। साथ ही गोबर से बने उत्पाद का उपयोग करने हेतु जागरूक हुए। वहीं महिलाओं द्वारा की गई कलाकारी की सराहना की। प्रशिक्षित महिलाओं को प्रदर्शनी के दौरान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रबंधक सिडबी रमाकांत पटेल, पुष्पेंद्र तिवारी, मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा मुकेश पाटीदार, ओमप्रकाश पाराशर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संभाग समनवयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक सचिन मिर्गे, ब्लॉक समन्वयक नीलम सोनी, नगर निगम से विशाल जगताप, अनिल जैन, रितू सावनेर थे। प्रदर्शनी में विशेष सहयोग अमित जोशी, मयंक पाठक,अरुण भाटिया का रहा। आभार दीपक विश्वकर्मा ने माना।

# मोहर्रम पर्व के समापन पर राजा राघवेंद्र सिंह बोले रियासत की विरासत सदा कायम रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

नगर का आपसी सौहार्द्र और नागरिकों में मोहब्बत जो हमारी रियासत की विरासत है हमेशा कायम रहे। उक्त विचार बागली राजपरिवार की ओर से राजा राघवेन्द्र सिंह ने दस दिवसीय मोहर्रम पर्व के समापन अवसर पर राजमहल परिसर में सभी अखाड़ों के उस्तादों, ताजीयेदारो तथा नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। राजमहल की परंपरा अनुसार शरबत वितरण के साथ लोबान डालकर तथा सरकारी ताजीये को कंधा देकर रस्म अदा की गई।

नूरी मस्जिद से प्रारंभ होकर ताजीयो का जुलूस मुख्य बाजार में गया तथा अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ नगर के प्रबुद्ध जनों का कमेटी द्वारा साफा बांथकर स्वागत किया गया। मुख्य बाजार से जुलूस राजमहल होता हुआ कालिका मंदिर पर मुकाम के बाद सीधे कालीसिंध नदी (कर्बला) पर ताजीये विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजा राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ अभिभाषक राजेन्द्र ईनाणी, सुर्य प्रकाश गुप्ता, प्रवीण चौधरी, राजेश बजाज,कमल सोनी, दयाराम हर्षाना, रमेश गेहलोत, विपीन शिवहरे,मिन्टू गुर्जर,रजत बजाज, शीला राठौर, पुरुषोत्तम सिसोदिया, लोकेश राठौड,कालू मामा आदि लोग जुलूस में उपस्थित रहे तथा नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर फिरोज खान,नायब सदर शरीफ भाई, सेकेट्री इकबाल शाह, जामीन बाबा, जरगुल पठान,कादर खान , नूरमोहम्मद आदि ने सभी उपस्थित महानुभावों का सफल आयोजन के लिए ह्रदय से आभार व्यक्त किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन वारिस अली ने किया। नगर में यौमे आशूरा के अवसर पर मोहर्रम पर्व पर संपूर्ण नगर वासियों ने सहभागिता कर बागली नगर की सौहार्द और सद्भावना की परंपरा को एक बार फिर मजबूती से पेश किया गया।

बडी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबीयो ने भी मुस्लिमों के साथ बडे साहब पर बच्चों का तुलादान तथा पंचायती ताजीये पर खूट भराई की रस्म अदा की गई। मुख्य बाजार में बच्चों व बड़ों ने ताजीयो के नीचे से निकलकर लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### अमृत संचय अभियान के तहत बैंक नोट प्रेस में हुई कार्यशाला

# हमें पेड़ के साथ-साथ पानी भी बचाना है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अमृत संचय अभियान के तहत बैंक नोट प्रेस देवास में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में कलेक्टर गुप्ता ने कहा की अमृत संचय अभियान के तहत जिले में वर्षा के जल को बचाने का कार्य किया जा रहा है।बीएनपी परिवार के सहयोग से मिशन में बड़ा योगदान हो सकता है। बच्चों को सबसे पहले यही सिखाया जाता है कि पेड़ बचाने से पर्यावरण बचाया जा सकता है मगर यदि प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं की जाए की प्रकृति खुद पेड़ लगा लेगी। यहां पानी भी बेहद जरूरी है। इसी तरह यदि हम पेड़ के साथ पानी बचा लें तो आने वाली पीढ़ी के लिए उज्वल भविष्य दे सकते है। गुप्ता ने बीएनपी प्रबंधन से कहा कि पानी की एक एक बूंद जो यहां गिरती है वो धरती का जलस्तर बढ़ाने में अपना योगदान दें।

भविष्य को लेकर जो अंदेशा बार बार सामने आ रहा है, वो बताता है कि जल संकट बहुत दूर नहीं है। आज हम पानी बचाने को लेकर जो लापरवाही दिखा रहे है वो हमारे आने वाले कल और आने वाली पीढ़ी के लिए बड़ा सवाल है। इसलिए अमृत संचय के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग लगाएं और पानी बचाने को लेकर गंभीरता अपनाएं।डॉ समीरा नईम द्वारा अमृत संचय की विस्तृत जानकारी दी गई।अभियान के सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि बरसात का पानी जमीन में उतारकर एक एक व्यक्ति जल स्तर को बढ़ा सकता है। देवास में हम इस बार अपने 200 करोड़ लीटर पानी बचाने के लक्ष्य के नजदीक है। कार्यक्रम में बैंक नोट प्रेस देवास के देवेंद्र तिवारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम में बीएनपी महाप्रबंधक महापात्रा, एच आर के सुनील दुपारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, टीम अमृत संचय के डॉ सुनील चतुर्वेदी,मोहन वर्मा, सफिया कुरैशी, श्रीकांत उपाध्याय, गंगासिंह सोलंकी, हिमांशु भावसार, मनीष वैद्य, मनीषा सोनी, महेश सोनी, कृपाली राणा, सुनीता कौशल उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल और आंगनबाड़ी में लगाए पौधे

सीहोर। पर्यावरण को सुंदर और हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को मध्य प्रदेश के सोसाइटी समूह की महिलाओं ने ग्राम पंचायत सोठी के स्कूल परिसर में मध्यान्ह भोजन और स्कूल परिसर में फलदार और छायादार पौधे एक पेड मां के नाम अभियान के तहत लगाए इस दौरान समूह की महिलाओं के साथ पूर्व मंत्री सकलेजा भी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। शसकलेजा ने इस अवसर पर कहा की जिस तरह हमारे परिवार का सदस्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसी तरह हमारे जीवन में भी पेड का बहुत महत्व है। पेड पौधे हमारे पर्यावरण को सुंदर तो बनाते ही है, इसी के साथ ही हमे छाव, फल और ऑक्सीजन भी देते है। इसी लिए हम सभी को पेड लगाना चाहिए। भोजन बनाने वाले समूह की महिलाओं ने पूर्व मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी के नेतृत्व में पौधरोपण कर संकल्प लिया की इन पौधों की देखभाल भी हम हमारे परिवार के सदस्यों की तरह ही करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी, स्कूल प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, बाबूलाल जरिया, विष्णु सर, रसोईया गायत्री, सुनीता और मथुरा गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

### फुटबॉल टीम के चयन के लिए लगा शिविर

सीहोर। शहर के भोपाल नाका स्थित मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल चयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन 80 खिलाड़ियों को अभ्यास कराया गया, वहीं बुधवार को चालीस खिलाड़ियों का चयन कर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर मध्यप्रदेश की जूनियर फुटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि मध्यप्रदेश टीम का गठन किया जाना है।

### मुस्लिम समाज ने इमाम हुसैन की याद में मनाया मोहर्रम का पर्व

# मोहर्रम पर निकाले गए आकर्षक ताजिए, अखाड़ों ने भी दिखाए करतब, जगह-जगह किया गया जुलूस का स्वागत





हिंदू उत्सव समती ने किया भव्य स्वागत। जुलूस में जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुस्लिम समाज का मोहर्रम का 10 दिन तक चलने वाले मातम के त्यौहार का आज समापन जुलूस भव्य रूप से जुम्मापुरा, काजीपुरा कमेटियों द्वारा निकाला गया। मोहर्रम का जुलूस अली चौक पुराना बसस्टैंड से प्रारंभ हुआ जो पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार होता हुआ गंज चौराहा पर पहुंचा जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर मोहर्रम कमेटियों के सदरों व अन्य प्रतिनिधियों का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित पार्षदगणों ने साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। जुलूस में दुलदुल बाबा, बुर्राक व आकर्षक ताजिए थे, वहीं बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाजन डीजे व नगाड़ा बजाते चल रहे थे। नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा जुम्मापुरा कमेटी के पार्षद जाहिद गुड्डू, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, कमरूद्दीन खां, अतीक खां, नवाब बैरी, नफीस शाह, चांद खां, आमीर खां, सनव्वर खां, प्यारे खां, बबलू खां, फिरोज खां, अय्यूब खां, अरबाज खां, आजम खां, चांद खां, पप्पू खां आदि का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि मुहर्रम के पर्व पर अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने पर जोर दिया जाता है। पर्व के दौरान ताजिए बनाकर निकाले जाने, अखाड़े और अलम निकालने की भी परंपरा है। देश ही नहीं दुनियाभर में मुस्लिम



धर्मावलंबियों द्वारा मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। ईमाम हुसैन की याद में दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिमजन मुहर्रम पर्व को मनाते आ रहे हैं। हमारा आष्टा नगर आपसी भाईचारे का प्रतीक है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारा भारत देश सर्वधर्म सम्भाव की भावना रखने वाला देश है, हिन्दू-मुस्लिम, सीख-इसाई सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे व साम्प्रदायिक सौहार्द्र के साथ अपने-अपने त्योहारों को उत्साह के साथ मनाते है। हमारे आस्थावान नगर आष्टा की गंगा-जुमना तहजीब रही है, जहां हिन्दुओं के त्यौहार के समय निकलने वाले जुलूस का मुस्लिम धर्मावलंबीजन स्वागत सम्मान करते है, वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्यौहार के दौरान निकलने वाले जुलूस का हिन्दू भाई आपसी भाईचारे की मिसाल देते हुए स्वागत सम्मान करते है। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, जाहिद गुड्डू, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, यश छाजेड़, विजय मेवाड़ा, महेन्द्रसिंह गवखेड़ी, गबू सोनी, आशीष बैरागी, आकाश चौहान, राहुल विश्वकर्मा, कुलदीप सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

#### अलीपुर में भी निकला जुलूस

बुधवार को पूरे देश भर में मोहर्रम पर जुलूस निकाले शहर में भी अलीपुर क्षेत्र में मोहर्रम की दस तारीख का जुलूस निकाला, अलीपुर में विसर्जन जुलुस था। अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए। जुलूस का अलीपुर चौराहे पर मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांध का स्वागत किया। मोहर्रम पर का जुलूस पुराना बस स्टैंड से शुरू हुआ जिसमें ताजिए शामिल हुए, पुराना बस स्टैंड, कसाईपुरा चौराहा आदि क्षेत्रों से निकला जुम्मापुरा के ताजिए वापस अली चौक पुराना बस स्टैंड पहुंचे काजीपुरा के ताजिए सिकंदर बाजार पहुंचे। गुरुवार को मोहर्रम का जुलूस अली चौक पुराना बस स्टैंड से शुरू होगा। बता दे कि देशभर में मोहर्रम पर गुरुवार को निकाला गया। यहां परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

#### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

शहर में मोहर्रम पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिलती है शहर के कुमर मोहल्ला में हिंदू परिवार ताजिए बनता है यहां परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

#### मोहर्रम कमेटी का स्वागत किया

अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिये के जुलूस का अलीपुर हिंदू उत्सव समती द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जुलूस के सदर भाई सलमान खान,सरपरस्त जनाब प्यारे पटेल,तोसिफ उद्दीन,फैज उद्दीन,सहित कमेटी का स्वागत हिंदू उत्सव समिति द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक नेता घनश्याम जांगड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशु शर्मा, मनोहर पंड्या, रमेश परमार ,राजकुमार मालवीय,शिवम सोनी, राजा मालवीय, चंदन सेन, रेवाराम विश्वकर्मा, अंकित पांचाल, बाबू पांचाल, विवेक विश्वकर्मा, अनमोल गहलोत, संजय मेवाडा, ललित बैरागी, शुभम पांचाल, शुभम टेलर, गोविंद ब्रह्मबट्ट, आदित्य जोशी, अखिलेश पंड्या, चिंटू मालवीय, राहुल चित्तौड़ा, राजू शर्मा, शानू पडिया आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर और स्कूल परिसर में लगाए गए पौधे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम पंचायत बरखेड़ी दोराहा में सात तलाई श्री हनुमान मंदिर परिसर एवं शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में भारत सरकार के पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष दोराहा सुरेश विश्वकर्मा व रमेश लोधी जनपद सदस्य बरखेड़ी ने उपस्थित होकर परिसर में पौधा लगाया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच पार्वती बाई, बालमुकंद सचिव रामस्वरूप प्रजापति, सहायक सचिव दीपक लोधी, मंदिर पुजारी आर्मी रिटायर करनल हेमंत, मंडल प्रभारी राकेश पटेल, सरपंच कमल सिंह लोधी, भजनलाल लोधी, लीला कृष्ण, गोविंद सिंह पटेल, विश्राम सिंह, हरीचरण, ऊधम सिंह, गजराज सिंह, गणेशराम राम, कले सिंह, बृजमोहन जगदीश लोधी, रामबाबू, विश्राम सिंह अहिरवार, पूरन सिंह, निर्भय सिंह कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाह, ग्राम तिनछाई रघुनाथ सिंह, हरि सिंह, दीपक अहिरवार आदि ने शामिल होकर पौधरोपण किया। पंचायत के पंच रामबाबू अहिरवार ने बताया हमे पेड़ लगाना बहुत जरूरी हो गया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

संयुक्त किसान मोर्चा मध्यप्रदेश ने सांसदों को एतिहासिक किसान आंदोलन को खत्म कराने के लिए मोदी सरकार ने जो वायदा किया था। उससे मुकरने के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा फिर से किसानों की समस्याओं को लेकर मैदान में सांसद और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले पर उनके ओएसडी राजेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा। अलोक शर्मा सांसद, दर्शन पाल सांसद, और पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को, अशोक सिंह यादव राज्यसभा सांसद को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफरी, अखिल भारतीय किसान सभा मध्यप्रदेश के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मंडल सदस्य बैठक में एनडीए-2 सरकार को एसकेएम और केन्द्र सरकार के बीच 9 दिसंबर 2021 को हुए समझौते के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

जिसमें हमारी लंबे समय से लंबित माँग जैसे कि लाभकारी और गारंटी एमएसपी के साथ खरीद, व्यापक ऋण माफी, विजली के निजीकरण को निरस्त करना आदि शामिल हैं। 736 शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और 384 दिनों 26 नवंबर 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक दिल्ली की सीमाओं पर लगातार और उग्र संघर्ष में भाग लेने वाले लाखों किसानों की पीड़ा की पृष्ठभूमि में, इस समझौते पर भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए। वर्तमान में भारत के मेहनतकश नागरिक व्यापक ऋणग्रस्तता, वेरोजगारी और महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भारत में प्रतिदिन 31 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। तीव्र कृषि संकट, किसानों की आत्महत्या, ग्रामीण से शहरी संकट पलायन और बढ़ती आय और धन असमानता को हल करने के लिए नीतियों में बदलाव आवश्यक है। इसलिए, एसकेएम ने कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों में बदलाव, 9 दिसंबर 2021 के समझौते को लागू करने, और अन्य प्रमुख माँग, जिन्हें माँग पत्र के रूप में संलग्न किया गया है, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हम किसानों और खेत मजदूरों के बाद के साथ खड़े हों और प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल पर लंबित ज्वलंत माँगों पर तत्काल और सार्थक कार्रवाई करने का दवाव डालें।

## स्कूल में मैथ, वॉल हेंगिंग आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा सेकंडरी विंग मे मैथ वाल हेंगींग आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से लेकर आठवी तक के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। सभी कक्षाओ से प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागी छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनमें कक्षा छठवीं की महिमा प्रथम, नव्या द्वितीय व शिवम तृतीय रहे। कक्षा सातवीं से सिमरन प्रथम, आरूष द्वितीय, निष्टा तृतीय रहे। कक्षा आठवीं से यजन प्रथम, अनिकेत द्वितीय, ईषिका तृतीय रहे। सेकंडरी विंग एकेडमिक इंचार्ज शिक्षक निर्मला सारसिया व करिश्मा चौपड़ा एवं कल्चर इंचार्ज रचना ठाकुर व करिष्मा चौपड़ा की उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई गई।

सभी विजेता छात्र, छात्राओं को बधाई देने वालो में संस्था के मार्गदर्षक षंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, जितेन्द्र पोरवाल, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, ईषा जैन, इतिका चौहान प्रियंका सारसिया, अनुभा रामानी, अवनि जैन, पूजा ठाकुर आदि ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज की नव चेतना सेवा समिति ने किया कार्यक्रम

# मालवीय बलाई समाज धर्मशाला में समाजजनों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नव चेतना सेवा समिति के तत्वाधान में पौधरोपण अभियान कार्यक्रम अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज धर्मशाला प्रांगण में संपन्न किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, आष्टा जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान, अखिल भारतीय बलाई समाज धर्मशाला के अध्यक्ष बापूलाल मालवीय तथा रमेश मालवीय, नव चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष देव सिंह मालवीय, समाज के वरिष्ठ उपस्थिति रहे। सीहोर से माता मंदिर समिति अध्यक्ष भवानी सिंह मालवीय, भूतपूर्व अध्यक्ष रामकिशन मालवीय, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण परमार, रामचरण बाबूजी, जीआर मालवीय के साथ समाज के सभी वरिष्ठ उपस्थित रहे। अध्यक्ष देव सिंह मालवीय ने अपने उद्बोधन में नव चेतना सेवा समिति के उद्देश्य को प्रबुद्ध जनों व समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। नव चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि




समाज में कोई भी विद्यार्थी पैसे के अभाव में पढ़ाई न छोड़े नव चेतना सेवा समिति उनकी हर संभव मदद करेगी। पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने शासन की योजनाओं को कैसे समाज तक पहुंचाया जाए, इस विषय पर समाज के जागरूकों का ध्यान केंद्रित करवाया। सभी तक शासन की योजनाएं पहुंचे ताकि उनकी आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक समस्याएं हल हो सके। भूतपूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय ने भी समाज की एकजुटता पर विचार रखे। सभी समाज बंधुओ और जनप्रतिनिधियों ने समिति के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अनारसिंह मालवीय ने किया। आभार व्यक्त रमेश कुमार मालवीय टीपा खेड़ी ने किया। जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान साहब ने भी, पर्यावरण संरक्षण और मानव जाति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर बल दिया। आष्टा जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान ने भी हर संभव समाज की मदद करने ओर समाज को एक मंच पर लाने के भाव व्यक्त किये। तथा नव चेतना सेवा समिति के विजन जो कि समाज की शिक्षा एवं एकता पर आधारित है। की भूरि भूरि प्रशंसा की। नव चेतना सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य, सामाजिक एकता, शिक्षा और आर्थिक संपन्नता का जो उद्देश्य है। वह ऐसा लग रहा है। जल्दी ही पूरा होगा। हम सही दिशा में चल रहे हैं और हमें मंजिल भी मिलेगी। हमारा परिचय एक सभ्य समाज के रूप में, मानवतावादी, राष्ट्रवादी, त्याग और समर्पण, उत्कृष्टता के अंतिम सोपान तक पहुंचने के रूप में पहचाना जाए।

## खुशनुमा हुआ मौसम चारों ओर छाई हरियाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

देवबडला पर्वत श्रृंखलाओं सहित कजलास स्थित पहाड़ियों व जंगलों की वादियों में वर्षा के दिनों में मौसम खुशनुमा हो जाता है। प्रकृति प्रेमी यहां बेहतरीन नजारे देखने पहुंच रहे हैं। देवबड़ला में वर्षा होने के बाद अब पहाड़ों पर हरियाली ने नजारा बदल कर रख दिया है। वर्षा के बाद अंचल की वादियों में हरियाली छा गई है। वहीं इंदौर भोपाल हाईवे स्थित डोडी घाटी से पगारिया घाटी तक हरियाली लोगों का मनमोह कर रही है। चार माह बाद छाई हरियाली अब लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जिसे देख युवा इन पहाड़ियों पर पहुंच रहे हैं।

# गुस्साए परिजनों ने खुजनेर थाने के सामने किया चक्का जाम

## हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की कर रहे थे मांग, एसडीओपी व पूर्व विधायक की समझाइश के बाद खोला जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

ग्राम बखेड़ में दो पक्षों में विवाद के चलते एक महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन मृतक को लेकर खुजनेर हॉस्पिटल पहुंचे थे जहां मृतक धापू बाई पति प्रभुलाल उम्र 60 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया था। जिसके बाद गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम किया वही परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने की मांग को लेकर खुजनेर थाने के सामने जाम लगा दिया व शव को रोड पर रखकर बैठ गए। करीब 10 बजे से 3 बजे तक रोड पर चक्काजाम किया परिजन के लड़के का आरोप था की कल शाम को मुझे मारा और मेरी मम्मी आई बचाने तो मेरी मम्मी को भी मारा और जान से मार दिया कल शाम हमारी थोड़ी सी मगजमारी हुई थी जिसके बाद ये तीनो भाई व इनके घर की औरते ने मेरे घर पर आकर मुझे मारने लग गए चोट भी आई और मुझे बचाने जब मेरी मम्मी आई तो मेरे को छोड़कर कर मेरी मम्मी को मारने लग गए हैं, जिससे चोट आई और नीचे गिर फिर खुजनेर हॉस्पिटल लेकर आए तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### *पुलिस नहीं कर रही थी मुकदमा दर्ज ,गुस्साए परिजनों ने किया थाने का घेराव*

*फिर पोस्टमार्टम करवाया है लेकिन फिर भी पुलिस आरोपी पर मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है गुस्साए परिजनों ने खुजनेर थाने के सामने करीब 4 से 5 घंटे तक शव को रोड पर रखकर जाम लगा दिया जिससे लंबा जाम लग गया व आवागमन भी बाधित रहा परिजन ना मानने पर जिसके बाद 3 बजे एसडीओपी दिनेश शर्मा मौके पर पहुंचे उनकी समझाइस के बाद भी परिजन ना माने जिसके बाद पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर भी पहुंचे उसके बाद परिजनों के साथ एसडीओपी से चर्चा की इसके बाद परिजनो ने जाम खोला व शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए खुजनेर थाना प्रभारी अनिल राय का कहना हे कि मर्ग कायम कर पोस्टमार्डम करवाया गया है इस मामले की जांच के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। परिजनों का कहना अभी मर्डर कायम कर गिरफ्तार करो पुलिस को जो सुनवाई करना था जो कार्रवाई करना था वह सब कर दिया गया है। यह तो एक तरह से पुलिस के ऊपर दबाव बना रहे हैं।*

# पेड़ काटने ने मना किया तो युवकों ने मजदूर की बेटी के साथ मारपीट की

## प्रजापति समाज ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**सारंगपुर।** पुलिस थाना सारंगपुर अंतर्गत ग्राम बालोडी में दबंगों ने इतनी हद पार कर दी की गांव के मजदूर परिवार में निवास करने वाली दो बहनों ने दबंगों को शासकीय भूमि से पेड़ पौधे काटने ने मना किया तो पड़ोसी दबंग युवकों द्वारा उक्त प्रजापति समाज की दो बेटियों को पकड़ कर डंडे से पीटा और इस बीच बचाव में आई मां पर भी हमला कर दिया। इस घटना में दो बहन और मां सहित तीन को गंभीर चोटें आई,जिसका उपचार सारंगपुर के सिविल अस्पताल में हुआ ,वही इस मामले में पीड़ित परिवार द्वारा सारंगपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया । लेकिन पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर नार्मल धारा में केस दर्ज करने का आरोप लगाया । जबकि महिला और लड़की को सिर में चोटें भी आई हैं साथ ही युवक एक लड़की को हाथ पकड़ कर डंडे से पिटता नजर आया जिसका पूरा विडियो मोबाईल में कैद हैं, ऐसे में सवाल उठता हैं जब शासन ने नया कानून लागू किया हैं तो उसका पुलिस को पालन भी करना चाहिए ऐसे में पीड़ित परिवार ने राजगढ़ सांसद रोड़मल नागर को अपने साथ हुई घटना की जानकारी से अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बालोड़ी में दिनांक 15 जुलाई सोमवार को भगवान सिंह प्रजापति के घर के सामने शासकीय भूमि पर लगे पेड़ो को दबंग परिवार के लोग पेड़ो को काट रहे थे,इस दौरान निशा प्रजापति, व मनीषा प्रजापति ने इन लोग से पेड़ काटने की मना किया तो ,उक्त दबंग नेपाल सिंह राजपूत,वीरेंद्र राजपूत द्वारा गाली गलौच करते हुए घर में घुस कर मनीषा,निशा और



माता गायत्री बाई प्रजापति को डंडे से पिट कर घर से बाहर लाकर रास्ते में भी झूमा झटकी की ओर हाथ पकड़ कर डंडे से पिटाई भी की,इस घटना में निशा प्रजापति ,मनीषा प्रजापति और मां गायत्री बाई प्रजापति के सिर में चोटें आई, ऐसे में आरोपियों द्वारा उक्त पीड़ित को धमकी दे कर गए की अगर हमारी रिपोर्ट की हैं तो जान से मार देंगे,अभी तो हमने पिटाई ही की हैं । इधर पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से न्याय के लिए गुहार लगाई।वही प्रजापति समाज ने आरोपी युवकों पर शक्त कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया।

**इनका कहना है...**

शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**संतोष बाघेला,** थाना प्रभारी सारंगपुर

# वनबीट के समीप से ही चोरी हो गई फेंसिंग की जालियां, पोल भी क्षतिग्रस्त

## विभाग के अधिकारियों ने थाने में शिकायत तक नहीं की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग के स्वामित्व की संपत्तियां धीरे-धीरे चोरी हो रही हैं। खोयरी रोड स्थित वन्यक्षेत्र को सुरक्षित रखने विभाग द्वारा करवाई गई फेंसिंग की जालियों को ही बदमाश चोरी करके ले गए हैं। करीब आधा किमी क्षेत्र की फेंसिंग की जालियां यहां चुरा ली गई हैं। ऐसे में वनक्षेत्र असुरक्षित हो गया है।

हैरत की बात तो यह है कि समीप ही वनविभाग के रेंजर का दफ्तर भी है। इसके बाद भी सड़क के किनारे-किनारे लगी फेंसिंगों की जालियों को चुरा लिया गया है। इतना ही नहीं फेंसिंग के पोलों को भी कहीं क्षतिग्रस्त कर दिया गया है तो कहीं पूरे ही खंबे चोरी हो गए हैं। इसके बाद भी विभाग द्वारा कार्रवाई के लिए पुलिस थाने किसी तरह का पत्राचार नहीं किया गया है। अगर इसी तरह विभाग की संपत्तियां चोरी होती गई तो समीप का पूरा वनक्षेत्र असुरक्षित होकर धीरे-धीरे कब्जेधारियों की चपेट में आ जाएगा।

**इनका कहना है**

फेंसिंग काफी पुरानी है। जालियां धीरे-धीरे टूटफूट गईं और उन्हें लोगों ने निकाल लिया। नई फेंसिंग लगाने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**- देवकरण भिलाला,**
रेंजर, वन परिक्षेत्र, राजगढ़

### सुरक्षित भवनों में ही किया जाए संचालन

# वर्षाकाल में शाला भवनों के रख रखाव के लिए निर्देश जारी

**ब्यावरा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 1 से 12 तक के सभी शालाओं के शाला प्रभारी, प्रधानाध्यापक, प्राचार्य को निर्देशित किया है कि शालाओं का संचालन सुदृढ़ एवं सुरक्षित भवनों में ही किया जाए। शाला परिसर अथवा निकट के शासकीय भवनों का उपयोग कर सकते है। किसी भी प्रकार से असुरक्षित कक्ष, भवन में शाला का संचालन करना गैर जिम्मेदाराना कृत्य है। यदि शाला परिसर में पुराना अनुपयोगी जीर्ण-शीर्ण भवन का ढांचा उपलब्ध है, तो उसे एसएमसी अथवा स्थानीय ग्राम पंचायत के माध्यम से हटवाना सुनिश्चित करें अथवा वर्तमान में ऐसे स्थान पर सूचना एवं चिंहाकित करें ताकि बच्चे एवं अन्य उसमें प्रवेश न करें। किसी भी प्रकार से अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। वर्षाकाल में छत से पानी का रिसाव होने की समस्या होती है। इसके निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास एवं सुधार करके निराकरण किया जा सकता है। शाला में आकस्मिक निधि, रख रखाव निधि का आवंटन इसके लिए उपलब्ध है। निम्न व्यवस्था कर वर्षाकाल के दौरान शाला संचालन सफलता पूर्वक किया जा सकता है। भवन की छत पर सफाई करके पानी के बहाव को सरल करना। छत से पानी की निकासी सुनिश्चित हो। सीमेंट का घोल बनाकर ब्रॉडेड कंपनी का डेम्प प्रुफ पेंट से छत पर लिपाई, पुताई करवाना (ताकि हेयरकेक भर जाए)। जल अवरोधक प्लास्टिक शीट (मोटी पन्नी) पूरी छत पर बिछाकर पानी का बहाव छत से बाहर होना सुनिश्चित करना। भवन की आस-पास पानी का ठहराव नहीं हो इसके लिए साधारण नाली से पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करें।

### प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित, 30 तक करना होगा आवेदन

**ब्यावरा।** प्रतिभा योजनान्तर्गत एकेडमिक वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिन्होंनें राष्ट्रीय प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय महाविद्यालय, एम्स अथवा एनडीए में प्रवेश लिया हो, वह विद्यार्थी प्रतिभा योजनान्तर्गत नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते है। एकेडमिक वर्ष 2023-24 में प्रवेशित विद्यार्थी के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। साथ ही आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 24 तथा एकेडमिक वर्ष 2024-25 में प्रवेशित विद्यार्थी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 24 रहेगी। पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### छात्राओं को पढ़ाया भी

# बालिका छात्रावास का राज्य मंत्री टेटवाल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा क्षेत्र में कई नए आयाम स्थापित करने के साथ ही समय समय पर स्कूल छात्रवास आदि का औचक निरीक्षण भी कराया जा रहा हैं। इसी कड़ी में अब जनप्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र में जा रहे हैं इसी को लेकर गुरुवार को सारंगपुर विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कन्या शाला छात्रावास एवं स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को भी पढ़ाया। इस दौरान आचार्य सुशील व्यास सहित अन्य मौजूद थे।

# अपवाद फैलाने वाले के खिलाफ एसपी व कलेक्टर के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जमीते उलामा ऐ हिंद, उलामेएकराम, अंजुमन कमेटी शाही जामा मस्जिद सारंगपुर के सदर एवं अंजुमन के सदस्य के नेतृत्व में एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम एसडीएम को सोपा एवं एक ज्ञापन एसपी के नाम पुलिस एस डी ओ पी को गुरुवार दोपहर में सोपा।

मुस्लिम समाज की प्रतिष्ठा धूमिल करने वा मुफती साहब से बतमीजी और पुरे तबलीगी जमात को भला बुरा कहा कट्टरपंथी और भडकाऊ भाषा का उपयोग न्यूज चैनल पर दिखाये। यह बात सादर अनजूमन आलिम बाबा ने बताई और मुस्लिम समाज सदर होने के नाते समाज में होने वाली घटनाओं की जानकारी एसडीएम सारंगपुर को दी समाज के जवाबदार पद होकर सूचना देना कर्तव्य है इस समय शहर के अंदर कुछ लोग बाहर से बुलवाकर लाते हे आये दिन प्रोग्राम करते रहते हैं और शहर की फिजा को बिगड़ने की कोशिश करते रहते हैं कुछ लोग शहर में गलत प्रोग्राम करना चाहते हैं यह सारी बातों की मुखालिफत अंजुमन करती है इसलिए वह लोग अंजुमन के मैबरो को बार-बार झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश करते हैं और झूठी न्यूज बनाकर लगाने की धमकियां देते हैं। इस लिए ज्ञापन दिया इस दौरान इमाम कारी अब्दुल रशीद, हाफिज इमरान, साजिद हाफिज, हाफिज हारून, सेक्रेटरी डॉक्टर रफीक शेख, जॉइंट सेकटी नवेद अली, रफीक भाई, हाफिज जावेद, साजिद हाफिज, आशिक मौलाना, आदि उलेमा शामिल थे।

# गुरुवार को फिर गोवंश काल के गाल में, एसडीएम ने निकाला सुरक्षा का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कहने को तो नगर में गोशाला है और नगर सहित पूरे तहसील के अंतर्गत कई गोशाला है। लेकिन दर दर भटकता गौवंश अपने लिए आशियाना नही बना पा रहा हैं सुरक्षित गोवंश कैसे रहे इसकी किसी को कोई चिंता नहीं है। जिम्मेदार सरकारी आदेश गोपालक या किसान सब अपनी मस्ती में मस्त हैं गोवंश काल के गाल में जा रहा हैं लगातार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो रही हैं। धरातल पर ऐसी कोई सड़क नगर या गांव की नही है जिस पर गोवंश नही दिख रहा हैं सड़क पर सुरक्षित आशियाना समझकर गोवंश बैठ जाता हैं और किसी वाहन की टक्कर से काल के गाल में समा जाता हैं। सड़को पर बैठे गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटना भी होती रहती हैं जिसमें कई लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। लेकिन स्थाई हल अभी तक नही हुआ है गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर कुछ गौभक्तो ने गोवंश की दुर्दशा को लेकर लिखा इसके तुरंत बाद अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओ को गोवंश सुरक्षा के लिए नोटिस जारी किया नोटिस में पशु चिकित्सा विभाग को भी निर्देश दिया की स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश का समय पर घायल अवस्था में उपचार हो तथा उनको सुरक्षित स्थान पर छोड़ने में आगे आए। वहीं काल के गाल में समाई गौ माता की खबर के बाद ग्रामीणों ने ज्ञापन भी दिया है।

### सट्टा-जुआ के जाल में फंसते जा रहे युवा

**आनंदपुर।** आनंदपुर सहित क्षेत्र में छात्र-युवा सट्टा, जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थों में दिनों दिन फंसते जा रहे हैं। पुलिस की मिली भगत से सट्टे का कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है। अगर कोई विरोध करता है तो उन्हें भी डराने लगते हैं। पुलिस की शह पर सट्टे का खेल कटरा मोहल्ला में जोर सोर से खुलेआम चल रहा है। कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले अब काफी बुलंद हो गए हैं। खुलेआम सट्टा के खेल में युवा,छात्र और भोले भाले ग्रामीण दलदल में फंस रहे हैं। सट्टे का धंधा चलाने वाले आबाद, खेलने वाले युवा बर्बाद हो रहे। सट्टे के मकड़ जाल में फंसकर कई ग्रामों की युवा पीढ़ी बर्बाद हो चुकी है। फिर भी पुलिस सट्टे के खाईबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### घर से भागे नाबालिग को ट्रेन से उतारा

# पढ़ाई से मन भरा इसलिए पंडा बनने मथुरा जा रहा था नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

ब्यावरा शहर निवासी 14 वर्षीय नाबालिग विगत दिवस अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं लगने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर अपहरण की आशंका जताई थी। इस नाबालिग को जीरापुर शिवपुरी पुलिस ने ट्रेन से उतारा। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि पढ़ाई से उसका मन भर गया इसलिए पंडा, पुजारी बनने वाले मथुरा जा रहा था।

बच्चे की सूचना ब्यावरा सिटी पुलिस को दी गई और षिवपुरी से उसे ब्यावरा लाकर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार आदर्ष नगर निवासी पवन पांडेय का 14 वर्षीय बेटा आनंद गत दिवस अचानक लापता हो गया था।

पता न लगने पर श्री पांडेय व परिजनों ने सिटी थाने पहुंचकर गुमषुगदमी की रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस बच्चे की तलाष कर ही रही थी इस दौरान उसकी लोकेषन षिवपुरी मिलने पर वहां की पुलिस व जीआरपी को एलर्ट किया गया। षिवपुरी जीआरपी ने बच्चे को एक टेन में पकड़ा। पूछताछ में बालक आनंद ने बताया कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता इसलिए घर में बगैर किसी को बताए पंडा बनने के लिए मथुरा जा रहा था।

# नगर में अखाड़ों और मातमी धुनों के साथ निकले गए 12 ताजिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर में मोहर्रम माह के चांद देखने के बाद से 11 दिनों तक मुस्लिमसमुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में शहादत का पर्व मनाया जाता है। मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में मोहर्रम की ग्यारहवीं तारीख पर अखाड़ों, मातमी धुनों व अकीदत के साथ मोहर्रम के ताजिए निकाले गए। गुरुवार को 11 बजे के करीब गांधी चौक बाजार से मोहर्रम का मातमी जुलूस अखाड़े,गाजे-बाजे,डीजे के साथ या अली,या हुसैन के नारों के साथ 12 ताजिए निकाले गए, जो पुरानी बस स्टैंड,इकलेरा चौराहा से होते हुए, बस स्टैंड पर रखे गये। रास्ते भर अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। नगर तलेन के अखाड़े सहित नगर व आसपास क्षेत्र से आए अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।

नगर सहित आसपास से आए ग्रामीण अंचलों के मुस्लिम भाइयों का नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इमाम हुसैन की याद में निकलने वाले ताजियों को बस स्टैंड पर रखकर मुस्लिम समाज जनों द्वारा लोबान, अगरबत्ती, गुड़ और शकर से बनी रेवड़ी चढ़ाई और मन्नते मांगी गई। मोहर्रम कमेटी द्वारा बस स्टैंड पर नायब तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी राम सिंह परिहार,खेमचंद जाट, अखाड़ों के उस्तादों वा ताजिएदारों का मोहर्रम कमेटी द्वारा साफा बांधकर इस्तकबाल किया गया।

# चोरी का खुलासा : गिरफ्तार आरोपी से आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना ब्यावरा सिटी पुलिस ने कस्बा से हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल जप्त किया है।

थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि दिसम्बर 2023 में रात्रि को अवधपुरी कालोनी ब्यावरा में फरियादी रवि बडोने के घर में किन्ही अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर तंत्र एवं संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सीडीआर व लोकेशन निकाली गई। 15 जुलाई को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने बस स्टैंड ब्यावरा से आरोपी हेमंत पिता देवेंद्र सिंह राजपूत उम्र 37 साल निवासी जयसिंहपुरा थाना चाचैड़ा को हिरासत में लिया। आरोपी ने अपने सगे भाई सत्येंद्र राजपूत के साथ मिलकर दिसंबर 23 में अवधपुरी कॉलोनी ब्यावरा में रवि बड़ोने के घर में से सोने चांदी के आभूषण चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोड़ चांदी की पायजेब, एक चांदी की करधौनी एवं चांदी की चैन को जप्त किया है, बाकी का सामान अपने भाई सत्येंद्र राजपूत के हिस्से में जाना बताया। आरोपी को न्यायालय पेश कर फरार आरोपी सत्येन्द्र राजपूत की तलाश की जा रही है।

## पड़ोनिया शक्ति केंद्र की हुई बैठक, किया पौधरोपण

**ब्यावरा।** विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के भाजपा पीपलहेला मंडल के पड़ोनिया शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम पंचायत बहादुरपुरा में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव रहे, अध्यक्षता सरपंच रामदयाल पालीवाल ने की। मंडल अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने स्वागत भाषण दिया। संचालन रामगोपाल दांगी महामंत्री ने किया। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताया एवं एक पेड़ मां के नाम उपस्थितजनों ने लगाया।

**कार्यालय रिटनिंग अधिकारी विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल जिला शाजापुर पंजी क्रमांक 05 दिनांक 21/01/1961**

क्रमांक/सह.नि.प्रा/निर्वा-2/2024/क्यू/01 दिनांक 18.07.2024

निर्वाचन कार्यक्रम

म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक/ 3788 दिनांक 12.07.2024 के द्वारा मुझे विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूँ ।

1. सोसायटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 29(2) के अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचन किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 12

| | |
|---|---|
| (अ) पेक्स संस्था से | 05 (पेक्स संस्था के प्रतिनिधि निरंक होने से रिक्त रहेगें) |
| (ब) प्रत्यायूक्त वर्ग से | 02 |
| (स) अन्य संस्था वर्ग से | 03 |
| (द) महिला वर्ग से | 02 (महिलाऐं सूची अनुसार किसी भी वर्ग से हो सकती है) |
| योगः- | 12 |

| | |
|---|---|
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय- | दिनांक 25.07.2024 समय 12.00 से 3.00 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय कालापीपल |
| 3. नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची - प्रकाशन | दिनांक 26.07.2024 को समय 12.00 बजे से जांच पूर्ण होने तक संस्था कार्यालय कालापीपल |
| 4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले तक एवं अंतिम उम्मीद्वरों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्ह का आवंटन | दिनांक 27.07.2024 समय 12.00 बजे से 02.00 बजे तक संस्था कार्यालय कालापीपल |
| 5. विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 02.08.2024 समय 12.00 बजे से 03.00 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय कालापीपल |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 03.08.2024 समय 12.00 बजे से 02.00 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय कालापीपल |
| 7. अध्यक्ष / उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटिओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 03.08.2024 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटिओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदधिकारियों के निर्वाचन दिनांक समय एवं स्थान | दिनांक 06.08.2024 समय 12.00 बजे से 2.00 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय कालापीपल |

मतदान के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 15 पहचान पत्रों में से कोई 01 आवश्यक होगा।

**बी.एस.भंवर**
**अंकेक्षण अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी**
**विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल**